95-

जिला सैनिक कल्याण सोलन की विशेष निधि के लेखाओं का लेखा परीक्षा ए

प्रतिवेदन

अवधि 4/05 से 3/08

भाग - एक

स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
डायरी
दिनांक 144
6 JAN 2009

1. **गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन**

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन:- गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरांत अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है:-

(क) **अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/97**

पैरा 4 :- अनिर्णित

पैरा 5 :- अनिर्णित

पैरा 6 :- अनिर्णित

(ख) **अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/97 से 3/03**

पैरा 9 :- अशत: निर्णित

(ग) **अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/05**

पैरा 4 :- निर्णित

पैरा 5 :- निर्णित

पैरा 6 :- अनिर्णित

भाग -दो

2. **वर्तमान लेखा परीक्षा**

अवधि 4/05 से 3/08 तक के लेखाओं की वर्तमान लेखा परीक्षा हरदेव सिंह शांडिल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 6-10-08 से 8-10-08 तक की गई। माह 10/05, 1/07, 8/07 की आय एवं माह 6/05, 6/06, 1/08 के व्यय को चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया। अनुवर्ती पैरों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त अन्य समस्त वांछित अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया गया।

3. अंकेक्षण शुल्क

अवधि 4/05 से 3/08 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क 1800 रु.बना जिसे अनुभाग अधिकारी के पत्र संख्या एक दिनांक 12/10/08 द्वारा उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण सोलन से उक्त राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट से, निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला को भेजने का अनुरोध किया गया।

4. वित्तीय स्थिति :-

जिला सैनिक कल्याण सोलन के विशेष निधि के लेखाओं की अवधि 4/05 से 3/08 तक की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी:-

| वर्ष | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्त आय | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 252089.06 | 29418 | 281507.06 | 63736.00 | 217771.06 |
| 2006-07 | 217771.06 | 52383 | 270154.06 | 73491.00 | 196663.06 |
| 2007-08 | 196663.06 | 56356 | 253019.06 | 93470.00 | 159549.06 |

बैंक में जमा राशि = 159549.06

5. वाउचर संख्या 21, दिनांक 07/06/05, राशि 1850.00

स्टाईफंड कमेटि की दिनांक 30-05-05 की बैठक में वर्ष 2004-05 के लिए कुमारी सुमन लता सुपुत्री श्री राम नाथ के पक्ष में छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई थी। उक्त छात्रा विश्व भारती वूमैन कालेज आफ एजुकेशन अकालपुर मोर-मूठी (जम्मू) में बी.एड की शिक्षा ग्रहण कर रही थी। उक्त छात्रा के वर्ष 2004-05 की छात्रवृत्ति की 1800 रुपए की राशि प्रिंसीपल, विश्व-भारती वूमैन कालेज आफ एजूकेशन अकालपुर मोर-मूठी (जम्मू) को पत्र संख्या जि.सै.क. का-सोलन 4-3/2005-204, दिनांक 7-06-05 के अंतर्गत (स्टेट बैंक आफ पटियाला सोलन के बैंक ड्राफ्ट संख्या सीडी/8-345432, दिनांक 07-06-05 द्वारा) इस आशय के साथ प्रेषित की गई थी कि वह सलग्न रसीद प्राप्त कर्ता से हस्ताक्षर करवाकर के रसीद सैनिक कल्याण विभाग सोलन

को भेजे, परंतु उक्त प्रिंसीपल द्वारा लौटाई गई मूल रसीद पर उक्त छात्रा सुमन बाला के हस्ताक्षर नहीं करवाए गये थे। इस प्रकार छात्रा द्वारा रसीद पर हस्ताक्षर न करने के कारण उक्त छात्रवृत्ति के भुगतान की पुष्टि नहीं हुई। अतः संबंधित छात्रा से उक्त 1800 रुपए की छात्रवृत्ति के भुगतान की प्राप्ति की रसीद प्राप्त की जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाए।

6 निम्नलिखित छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान निम्न वाउचरों द्वारा किया गया दर्शाया गया था, परंतु इन छात्रों से छात्रवृत्ति के भुगतान की रसीद प्राप्त नहीं की गई थी। अतः इन छात्रों से अपेक्षित रसीद शीघ्र प्राप्त की जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

| क्रम संख्या | वाउचर संख्या | दिनांक | छात्र का नाम | भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 | 7-06-05 | ज्योति ठाकुर केंद्रिय विद्यालय स्वाथू, जिला सोलन, हि.प्र. | 1440.00 |
| 2 | 11 | 7-06-05 | अंजना देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोघो, तहसील नालागढ़, सोलन, हि.प्र. | 1440 [illegible] |
| 3 | 17 | 7-06-05 | पुष्पाजंली शर्मा रा.व.मा.पाठशाला (छात्रा) सोलन, हि.प्र. | 1440.00 |
| 4 | 18 | 2-06-06 | लाल चंद्र रा.व.मा. पाठशाला नालागढ़, जिला सोलन, हि.प्र. | 600.00 |
| 5 | 21 | 2-06-06 | रणजीत कुमार वेद विभाग, सम्पूणा नन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणासी, यू.पी. | 1800.00 |
| 6 | 55 | 22-01-08 | विक्रम सिंह शिवालिक बी.सी.टी. नालागढ़ | 2400.00 |

7 [illegible] खरीद की गई वस्तुओं की स्टाक प्रविष्टि स्टाक रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई थी, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। अतः अपेक्षित स्टाक प्रविष्टि शीघ्र की जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में बताई जाए।

| वाउचर संख्या | दिनांक | जिसे भुगतान किया गया | क्रय का विवरण | दर | राशि जो भुगतान की गई |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4-04-06 | मैं. साई कापी सेंटर, बिल संख्या 6401, दिनांक 27-03-06 | 80 पेज फोटोस्टेट | 1.00 | 80.00 |
| 5 | 4-04-06 | मैं. राज बुक डिपो, दी माल सोलन, बिल संख्या 804, दिनांक 28-03-06 | 20 बाल पैन | 10 | 200.00<br>4%vat =8.00 |
| 10 | 4-04-06 | मैं. हिमाचल ट्रेडर्स (स्टेशनर्ज) सोलन, बिल संख्या 446, दिनांक 28-03-06 | 1 सेलो टेप | 18 | 18.00 |
| | | | | योग | 306.00 |

8. **वाउचर संख्या 7, दिनांक 28/03/06**, राशि 315.00

उक्त वाउचर द्वारा 315.00 रुपए की राशि जलपान पर व्यय दर्शायी गई थी, परंतु उक्त जलपान किसको किस उद्देश्य से दिया गया था इसका अभिलेख में कोई विवरण नहीं दिया गया था। अतः उक्त जलपान किस को किस उद्देश्य से दिया गया था इसका विवरण दिया जाए अन्यथा इस राशि को कैश बुक में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| वाउचर संख्या | दिनांक | जिसे भुगतान किया गया | क्रय का विवरण | राशि जो भुगतान की गई |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 4-04-06 | ऑफिस कैंटीन डी.सी. ऑफिस, बिल संख्या 415, दिनांक 28-03-06 | 50 कप टी, बिस्कुट | 125.00<br>25.00 |
| 6 | 4-04-06 | मैं. शर्मा स्वीट हाउस रेलवे रोड, सोलन, हि.प्र. | डेढ़ किलो बर्फी | 165.00 |
| | | | योग | 315.00 |

9 **बाउचर संख्या 43, दिनांक** 15/01/08, राशि 1500.00

उक्त बाउचर द्वारा डाकघर सोलन से 1500 रुपए की डाक टिकटें दिनांक 15-01-08 को खरीदी गई थी, परंतु स्टेम्प रजिस्टर का रखरखाव सही प्रकार से नहीं किया गया था तथा इसमें टिकटों (स्टेम्प) की खपत के पश्चात शेष टिकटें नहीं दर्शायी गई थी तथा इसे किसी भी कर्मचारी/अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। अतः स्टेम्प रजिस्टर का रखरखाब सही प्रकार से किया जाए तथा इस रजिस्टर में खपत के पश्चात शेष टिकटें, नियमित रूप से दर्शायी जाए तथा इसको सक्षम अधिकारी द्वारा भी सत्यापित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

10 **लघु आपत्ति विवरणिका** -: इसे अलग से जारी नहीं किया गया।

11 **निष्कर्ष:-** गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के पैरो के निपटारे हेतु तुरन्त प्रभावी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है तथा वर्तमान लेखाओं के रखरखाव में सुधार की आवश्यकता है।

अनुभाग अधिकारी

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग

हि.प्र. शिमला -9

पृष्ठांकन संख्या 390 दिनांक 26-12-08

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -:

1 उपनिदेशक, जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन , हि.प्र. को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का सटिप्पणउत्तर इस विभाग को शीघ्र भेजें।

2 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय , हमीरपुर हि.प्र. ।

3 जिलाधीश सोलन, जिला सोलन हि.प्र.

4 सचिव , (सामान्य प्रशासन विभाग) हि.प्र. सरकार शिमला-2

5 निदेशक , स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि.प्र. शिमला -9

अनुभाग अधिकारी

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग ,

हि.प्र. शिमला -9